आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :364 पृष्ठ -4 दिनांक 07 जनवरी 2025 दिन मंगलवार

# यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ भर्ती परीक्षा में मुन्ना भाई गिरफ्तार

## अभ्यर्थी के स्थान पर दे रहा था एग्जाम

जननायक सम्राट संवावदाता हिमांशु उपाध्याय बस्ती में आयोजित उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ भर्ती परीक्षा 2025 में मुन्नाभाई पकड़ा गया है. आरोपी अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार लिया है. गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा सेंटरों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी, तभी बस्ती की सेंट जेवियर्स हाई स्कूल पचपेडिया से जानकारी आई कि एक युवक संदिग्ध है जो खुद परीक्षार्थी नहीं है. मौके पर विद्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों को विद्यालय प्राचार्य इतेन्द्र कुमार ने सूचना दी.विद्यालय के प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि, एक अभ्यर्थी जिसका नाम अजय यादव पुत्र संतोष कुमार निवासी दतावली थाना मटसैना जिला फिरोजाबाद, दूसरे अभ्यर्थी



अयोध्या प्रसाद पुत्र स्वर्गीय हीरालाल निवासी गौहन्ना भिखारीपुर जिला अंबेडकर नगर के स्थान पर परीक्षा दे रहा है. सूचना प्राप्त होने पर मौके पर उपस्थित दरोगा अयुब खान फोर्स के साथ पहुंचे और अभियुक्त अजय यादव से प्राथमिक पूछताछ की. जिसमें सूचना सत्य पाई गई. विद्यालय के प्राचार्य के तरफ से दिए गए लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर स्थानीय थाने में केस दर्ज किया गया है.गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर रही पुलिस

आरोपी के खिलाफ

उत्तर प्रदेश परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी अजय यादव पुत्र संतोष कुमार निवासी दतावली थाना मटसैना जिला फिरोजाबाद को हिरासत पुलिस में लिया गया है. उपरोक्त घटना मे अन्य अभियुक्तगण की संलिप्ता के सम्बन्ध मे पूछताछ व जांच कोतवाली पुलिस कर रही है. प्रदेश में चल रहे सिविल कोर्ट स्टाफ परीक्षा में बस्ती के एक सेंटर पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है. जिले के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, पचपेड़िया परीक्षा केंद्र पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया. वह दूसरे की जगह परीक्षा देने आया था. एएसपी ओपी सिंह ने बताया प्रधानाचार्य की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है. युवक से पूछताछ जारी है.

## हापुड़ में दबंगों ने दलित छात्र को बेरहमी से पीटा

उत्तरप्रदेश हापुड़  में एक दलित छात्र की दो युवकों ने बेरहमी से पिटाई कर दी, दबंगों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. दबंग युवकों की पिटाई से छात्र बुरी तरह घायल हुआ है. घटना के बाद पीड़ित युवक के परिवारीजनों की तहरीर पर आरोपी दबंग युवकों के खिलाफ पुलिस ने कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों के गिरफ्तार किये जाने का दावा किया है.इस घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार हापुड़ के फ्रीगंज रोड स्थित गंगापुरा निवासी जतिन कक्षा 12वीं का छात्र है. बीते दिनों जतिन का विवाद किसी बात को लेकर एकेपी इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले वंश और वासु से हो गया था. बीती शाम को वंश और वासु दोनों मिलकर किसी बहाने से जतिन को अपने साथ देवलोक टंकी के पास ले गये और उन्होंने वहां उसकी जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी. जतिन के चाचा ओमप्रकाश का आरोप है कि आरोपियों ने न सिर्फ बुरी तरह उसके भतीजे को मारा–पीटा, बल्कि उसके साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया. दोनों दबंग हमलावरों ने मारपीट करते हुए की वीडियो भी बना ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है. जिसके आधार पर पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है.आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस इस घटना के संबंध में सीओ सिटी हापुड़ जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि  पुलिस ने पीड़ित दलित युवक के चाचा की तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है. वंश और वासु दोनों हमलावरों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. जल्द ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

## नोएडा–गाजियाबाद समेत कई जिलों में आज बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण सर्दी पड़ रही है. बर्फीली हवाओं की वजह से घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है. लोग ठंड से बचने के लिए तमाम उपाय अपना रहे हैं. इस बीच मौसम विभाग ने सोमवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है. पश्चिमी यूपी के कई जिलों में आज बादल छाए रहने की संभावना है तो वहीं नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ समेत कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया गया है. जिससे आने वाले दिनों ठंड और बढ़ेगी. मौसम विभाग के मुताबिक आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम के शुष्क ही रहने की संभावना है लेकिन पश्चिमी यूपी के अलग–अलग स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है. ठंड आज भी लोगों को परेशान करेंगी. 30 से ज्यादा जिलों में आज घने कोहरे और शीत दिवस रहने का अनुमान जताया गया है. यहां पर सुबह और शाम को घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट है. अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रहेगा. प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा देखने को मिल सकता है. अगले दो दिनों और बढ़ेगी सर्दीयूपी में 7–8 जनवरी को मौसम शुष्क रहे हैं. इस दौरान सुबह और शाम को कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है. जबकि 11 जनवरी को एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है, जिसके चलते पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश होगी जबकि पूर्वी यूपी में मौसम के शुष्क रहने का ही अनुमान हैं. बारिश की वजह से आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी. अगले दो दिनों बाद न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट आ सकती है. पिछले 24 घंटों में इटावा में सबसे ठंडा दिन रहा. यहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा. फुर्सतगंज में 5.6, सुल्तानपुर और वाराणसी में 6.5, अयोध्या, बुलंदशहर में न्यूनतम तापमान 7.0, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.5, राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 9. 5 डिग्री सेल्सियस रहा. अगले दो दिन में तापमान में तेजी से गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे सर्दी और बढ़ेगी. इन जिलों में आज बारिश का अलर्ट यूपी में आज नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, अलीगढ़, संभल, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर में हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है. वहीं बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, बहराइच, बारा. बंकी, श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महारा. जगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, अंबेडक. रनगर, समेत कई जिलों में आज घने कोहरे और शीत दिवस का यलो अलर्ट जारी किया गया है.

## अमरोहा से सांसद रहे दानिश अली ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के बयान पर नाराजगी जाहिर की



उत्तर प्रदेश स्थित अमरोहा से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और पूर्व सांसद दानिश अली, भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश बिधूड़ी के विवादित बयानों पर बिफर गए हैं. बीते दिनों बीजेपी नेता ने वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर विवादित टिप्पणियां की थीं. इन्हीं टिप्पणियों पर दानिश ने प्रतिक्रिया दी है.सोशल मीडिया साइट एक्स पर दानिश ने लिखा–संसद में मुझे और मेरे समुदाय को भद्दी–भद्दी गालियाँ देने वाले व्यक्ति को बीजेपी ने सजा के बजाय इनाम देकर ऐसी ओछी मानसिकता को बढ़ावा दिया और आज वो  प्रियंका गांधी पर भद्दी टिप्पणी करके देश की महिलाओं को अपमानित करने का काम कर रहा है. नरेंद्र मोदी माफी माँगो–माफी माँगो!!भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस नेता दानिश अली ने कहा – भाजपा और आरएसएस की ट्रेनिंग महिला विरोधी और अल्पसंख्यक विरोधी होती है. माँ बहन सबकी होती है हम सभी माता बहनों की इज्जत करते हैं. आपकी माँ बहन बेटी भी हमारी ,माँ ,बहन ,बेटी हैं. रमेश बिधूड़ी आदतन ऐसी बातें करते रहते हैं ,संसद में भी उन्होंने मेरे खिलाफ ऐसी घटिया बातें की थी.बता दें रमेश बिधूड़ी, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालका जी सीट से आम आदमी पार्टी की नेता, दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ प्रत्याशी हैं. बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर दिए अपने बयान पर खेद भी जाहिर किया है.बिधूड़ी ने क्या कहा था? रमेश बिधूड़ी ने बीते दिनों कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस नेता श्प्रियंका गांधी के गालोंश जैसी सड़कें बनवाएंगे. कांग्रेस ने श्महिलाओं का अपमानश करने के लिए उनसे माफी मांगने की मांग की, जबकि बिधूड़ी की पार्टी के कुछ नेताओं ने बयान पर अपनी असहमति जताई.विवाद के बाद उन्होंने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया जिसमें उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि उनकी टिप्पणियों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद प्रकट करते हैं. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने राजनीतिक लाभ के लिए उनकी टिप्पणियों का गलत अर्थ निकाला है

## यूपी को मिलेगा एक और 700 किमी लंबा हाईवे, इन 15 जिलों में बढ़ेगी कनेक्टि. विटी, जल्द शुरू होगा काम

उत्तर प्रदेश में एक और नए हाईवे बनाने की तैयारियां शुरु हो गई हैं. ये हाईव 15 जिलों से होकर गुजरेगा, जिससे प्रदेश की कनेक्टिविटी सुविधा में और इजाफा होगा. गोरखपुर से शामली के बीच बनने वाले इस हाईवे से भारत–नेपाल सीमा की निगरानी आसान हो जाएगी. छभ्।प् की ओर से इस पर काम शुरू हो गया है. जल्द ही सीमांकन किया जाएगा. ये हाईवे लखनऊ, सीतापुर और बरेली से होकर निकलेगा.उत्तर प्रदेश में नए एक्सप्रेस वे और हाईवे के निर्माण पर तेजी से काम चल रहा है. जिससे प्रदेश में सड़क निर्माण और कनेक्टिविटी बढ़ी है. इसी क्रम में अब गोरखपुर–शामली हाईवे भी शामिल होने जा रहा है. इस हाईवे निर्माण पर जल्द ही काम होते हुए दिखाई देगा. ये हाईवे यूपी के 15 जिलों से होकर गुजरेगा. इनमें कई वो जिले भी शामिल हैं जो विकास के लिहाज से पिछड़े हुए माने जाते हैं. हाईवे बनने के बाद यहां के लोगों को आने–जाने की सुविधा में बढ़ोतरी होगी और एक जिले से दूसरे जिले तक जाने में कम समय लगेगा. इन जिलों से होकर गुजरेगा हा. ईवे मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये हाइ. 'वे गोरखपुर से शामली के बीच होगा और महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए बहराइच तक आएगा. इसके अगले लखनऊ और सीतापुर से लखीमपुर, पीलीभीत, बरेली और मुरादाबाद होते हुए शामली तक आएगा. इस हाईवे से बिजनौर और मेरठ को भी जोड़ा जाएगा. इस हाईवे के बनने से नेपाल सीमा पर निगरानी करने में भी आसानी होगी. मुताबिक जल्द ही इस हाईवे के सीमांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. सीमांकन होने के बाद जल्द ही भूमि अधिग्रहण का काम शुरू होगा. भूमि अधिग्रहण का काम पूरा होने में थोड़ा वक्त लग सकता है, इसके बाद हाईवे निर्माण शुरू हो जाएगा. इस हाईवे को बनने में कम से कम तीन साल का समय लगेगा. इसे लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और सड़क निर्माण मंत्री नितिन गडकरी के बीच बातचीत भी हो चुकी है. इसके निर्माण की जिम्मेदारी NHAI के पास है ताकि किसी तरह के परेशानी न हो.

## यूपी–एमपी सीमा विवाद में इंसानियत शर्मशार, 4 घंटे सड़क पर पड़ा रहा शव, नहीं की गई कार्रवाई

 यूपी के महोबा में अंतरराज्यीय मार्ग पर सड़क हादसे में मृत युवक का शव दो राज्यों की सीमाओ के विवाद में करीब 4 घंटे तक सड़क पड़ा रहा. मानवता की दुहाई देने वाले दोनो राज्यों के पुलिस अधिकारी इंसानियत को दरकिनार कर यूपी–एमपी सीमा विवाद के चलते एक दूसरे पर कार्यवाही को टालते नजर आए. दोनों राज्यों की पुलिस कार्यशैली से परेशान ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की जिसके बाद मध्यप्रदेश पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही की है.महोबा जनपद के महोबकंठ थाना क्षेत्र के सौरा गांव से निकली अंतरराज्यीय सड़क पर हुए हादसे के बाद सीमा विवाद को लेकर इंसानियत भी तार–तार हो गई और मृतक का शव 4 घंटे तक सड़क पर ही पड़ा रहा. बताया जाता है कि गांव में रहने वाले रतनलाल अहिरवार का 27 वर्षीय पुत्र राहुल दिल्ली जाने के लिए घर से सड़क पर जा रहा था. तभी सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में राहुल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. सड़क हादसे की खबर मिलते ही ग्रामीण सड़क पर इकट्ठा हो गए और हादसे की सूचना मध्यप्रदेश के हरपालपुर थाने को दी गई.यूपी और एमपी सीमा विवाद के कारण इंसानियत हुई शर्मशारसूचना पर पहुंची एमपी पुलिस ने उक्त सड़क पर यूपी पुलिस द्वारा चेकिंग करने को लेकर उन्हीं से कार्यवाही के लिए कहकर खुद कार्यवाही से इंकार कर दिया और मौके से चले गए. वहीं ग्रामीणों से सड़क हादसे की सूचना मिलने पर जब यूपी के महोबा जनपद के महोबकंठ थाना पुलिस पहुंची तो उसने सड़क एमपी के दायरे में आने की बात कहकर कार्यवाही से इंकार कर दिया. उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा विवाद के कारण पुलिस ने इंसानियत को ही शर्मसार कर डाला. मृतक का परिजन रामदीन अहिरवार ने बताया कि उक्त सड़क एमपी के दायरे में ही आती है, उसके बावजूद भी मध्यप्रदेश की पुलिस ने कार्यवाही से मना कर दिया. यहीं नहीं मध्यप्रदेश पुलिस के हरपालपुर टीआई ने पीड़ित परिवार के साथ ही गाली गलौज कर यूपी सीमा का हवाला देकर शव को सड़क पर ही छोड़ थाना वापिस चले गए. यूपी पुलिस को फोन से सूचना देने के दौरान उन्होंने इसे एमपी पुलिस का केस बताते हुए वापिस हो गए. इससे नाराज फिर ग्रामीणों ने शव को सड़क पर देख जाम लगा दिया है. मानवता और इंसानियत की बात करने वाली खाकी का यह चेहरा एक शव के प्रति संवेदनहीन है. 4 घंटे तक सड़क पर ही शव पड़ रहा मगर दोनों ही राज्यों की पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की. थक हारकर ग्रामीणों ने अंतरराज्यीय मार्ग को जाम कर दिया. इसके बाद सूचना पर मध्य प्रदेश की पुलिस ने आकर अपनी जिम्मेदारी को समझा और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई. तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने जाम को खोल है. वहीं इस मामले को लेकर महोबा के कुलपहाड़ की सीओ हर्षिता गंगवार ने बताया कि रात में सड़क हादसे की सूचना पर महोबा पुलिस ने तत्काल पहुंचकर कार्यवाही का प्रयास किया था. मगर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हाइवे मध्यप्रदेश के दायरे में आता है. फिर भी उनसे कार्यवाही के लिए निवेदन किया तो ग्रामीणों ने मना कर दी. जिसके बाद मध्यप्रदेश के छतरपुर जनपद के



मृतक राहुल की फाईल फोटो

अधिकारियों से संपर्क कर वार्ता की गई. इसके बाद एमपी पुलिस ने मौके पर आकर कार्यवाही संपादित की है और शांति व्यवस्था कायम है.

# यातायात नियमों का उल्लघन,करने वालों पर की कार्रवाही

**जननायकसम्राट संवावदाता अमित कुमार**

उत्तरप्रदेश पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगरध्आंचल चौहान के नेतृत्व में चलाए जा रहे 31 दिवसीय विशेष यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यातायात प्रभारी कासंगज लक्ष्मण सिंह द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन किए जाने हेतु जनता को जागरुक किया गया है। इसी क्रम में यातायात पुलिस कासगंज द्वारा भारी आवागमन के स्थानों पर वाहन चौकिंग अभियान चलाया गया एवं जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एमवी एक्ट के तहत वाहन चालकों के विरुद्ध निम्न प्रकार कार्यवाही की गई



कैमरामैन इन्द्रपाल

ओवर स्पीड – 43, रॉन्ग साइड –13 , नाबालिक द्वारा वाहन चलाना – 04 दोपहिया वाहन पर हेलमेट न लगाना – 47,चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट न. लगाना – 07, ड्रिंक एंड ड्राइव – 03, नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना – 20 , उपरोक्तानुसार 139 वाहन चालकों के चालान कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी है ।

## थाना ढोलना पुलिस द्वारा जुआरियो पर कसा गया सिकंजा

## 07 जुआ गिरफ्तार, 7820/- रूपये व ताश पत्ते बरामद

**जननायकसम्राट संवावदाता अमित कुमार**

जनपद कासगंज पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध जुआध्सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में पुलिस द्वारा 07 जुआरियों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 7820/– रुपये नगद बरामद व ताश पत्ते बरामद ग्राम इखौना से हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 7820/ रुपये नगद व ताश पत्ते बरामद हुए हैं। इस संबंध में थाना ढोलना पर मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई है ।कासगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये आरोपी रामबाबू पुत्र रामप्रसाद निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज जगदीश उर्फ पाण्डेय पुत्र वीरी सिंह निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज राजेश पुत्र नेत्रपाल निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज संजू पुत्र त्रिमल सिंह निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज कुलदीप पुत्र चन्द्रपाल निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज गजेन्द्र सिंह पुत्र



कैमरामैन इंद्रपाल

महीपाल निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज अनिल कुमार उर्फ टीटू पुत्र रुस्तम सिंह निवासी इखौना थाना ढोलना जनपद कासगंज।

## कासगंज जनपद की कोतवाली ढोलना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इखोना गांव में जुआ खेलते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया

कासगंज जनपद की कोतवाली ढोलना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इखोना गांव में जुआ खेलते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी और 7820 की नगदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 13 ळ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और सभी को जेल भेज दिया गया है।नवागत एसपी अंकित शर्मा के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान कासगंज जिले में नवागत एसपी अंकित शर्मा के निर्देश पर अवैध सट्टा और जुआ खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली ढोलना पुलिस ने इखोना गांव में जुआ खेले जाने की सूचना पर छापा मारा। गिरफ्तार आरोपियों में रामबाबू, जगदीश उर्फ पाण्डेय, राजेश, संजू, कुलदीप, गजेन्द्र सिंह और अनिल कुमार के रूप में हुई है। एफआईआर दर्ज, सभी आरोपियों को जेल भेजा गयापुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। कासगंज पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में जुआरियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि जिले में



अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एटा जिले के जलेसर में पुलिस कोतवाली के सामने मंदिर निर्माण के दौरान खुदाई में एक प्राचीन कुआं मिलने से लोगों में उत्सुकता बढ़ गई

एटा जिले के जलेसर में पुलिसकोतवाली के सामने मंदिर निर्माण के दौरान खुदाई में एक प्राचीन कुआं मिलने से लोगों में उत्सुकता बढ़ गई। रविवार सुबह करीब 9 बजे चल रही खुदाई में यह कुआं सामने आया। जिसकी गहराई करीब 200–250 फीट बताई जा रही है। इस खबर के फैलते ही बड़ी संख्या में लोग कुआं देखने के लिए पहुंच गए।मंदिर निर्माण के लिए नींव की खुदाई के दौरान मजदूरों ने अचानक कुआं देखा। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने मंदिर के साथ–साथ कुएं का भी सौंदर्याकरण शुरू कर दिया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह जगह ऐतिहासिक है। प्राचीन काल में यहां द्वापर युग के राजा जरासंध की चौकी



थी। ब्रिटिश काल में यह पुलिस चौकी और आजादी के बाद तहसील मुख्यालय, थाना और नगर पालिका का कार्यालय बना।थाना प्रभारी का बयान कोतवाली प्रभारी सुधीर राघव ने बताया कि यह कुआं सैकड़ों साल पुराना हो सकता है। जन सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके दौरान यह कुआं मिला। इस घटना ने नगरवासियों में पुराने समय की स्मृतियां ताजा कर दी हैं।

## फील्ड ऑफिसर का शव फांसी से लटका . मिला, पत्नी ने बैंक पर लगाए आरोप

उत्तर प्रदेश के कासगंज के सोरों क्षेत्र के नगरिया इलाके में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां 36 वर्षीय आकाश वर्मा का शव उनके घर में फांसी से लटका हुआ पाया गया। मृतक आकाश वर्मा स्टेट बैंक में फील्ड ऑफिसर के पद पर तैनात थे और वे कासगंज के आवास विकास कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे।पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शवघटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं किया है, लेकिन जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस इस संबंध में सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।पत्नी का आरोपमृतक आकाश वर्मा की पत्नी भावना ने बयान में बताया कि आकाश पर बैंक से काफी दबाव था। उनका कहना था कि आकाश को लगातार



टॉर्चर किया जा रहा था। वह अपनी नौ. करी के कारण अत्यधिक मानसिक दबाव में थे।आकाश को रविवार की छुट्टी भी नहीं मिलती थी, और उन्हें हर रोज काम पर बुलाया जाता था। यह दबाव उनके मानसिक स्थिति पर बहुत प्रभाव डाल रहा था।वहीं, पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और बैंक कर्मचारियों से जानकारी जुटाई जा रही है कि क्या वाकई आकाश पर काम का अत्यधिक दबाव था।पुलिस की कार्रवाई और जांचपुलिस ने आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच तेज कर दी है। पुलिस इस मामले से जुड़े हर पहलु की जांच में जुट गई है। कासगंज में यह घटना क्षेत्रवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गई है और लोग मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

## एटा में निर्माणाधीन जवाहर तापीय परियोजना पावर प्लांट में कार्यरत सैकड़ों मजूदरों को महीनों से मज. दूरी का पैसा नहीं मिलने से मज. दूरों में आक्रोश व्याप्त

एटा में निर्माणाधीन जवाहर तापीय परियोजना पावर प्लांट में कार्यरत सैकड़ों मजूदरों को महीनों से मजदूरी का पैसा नहीं मिलने से मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। दर्जनों मजदूरों ने एकत्रित होकर कोरियाई कंपनी दूसान के दफ्तर पहुंचकर नाराजगी जताई है।बाबजूद उसके मजदूरों की आपबीती कोई सुनने को तैयार नहीं है। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें ठेकेदार द्वारा मिलने वाला साप्ताहिक खर्चा भी नहीं दिया जा रहा। जिससे वह अपना पेट भर सकें। मजदूरी का पैसा दिलाए जाने को लेकर पूर्व में मजदूरों द्वारा प्रदर्शन और काम बंद किया जा चुका है। परंतु बीच बीच में महीने दो महीने की मजदूरी का पैसा देकर मामला शांत कराया जाता है।प. ीड़ित मजदूरों ने दुसान कम्पनी के दफ्तर पर मजदूरी का पैसा पाने के लिए हंगामा काटा। मजदूरों ने बताया कि दुसान कम्पनी ने एनएस, सोनी, पावर कान, डायनामिक कम्पनी के मजदूरों को तीन से चार की मजदूरी नहीं मिली है। कम्पनी के सीनियर लोगों को जब जब बुलाया वो सुनने को तैयार नहीं है बोला जाता है। दूसान कंपनी के दफ्तर के बाहर हम मजदूर खड़े है। खर्चा भी नहीं मिला जो कि हम लोग राशन खरीद सकें।करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे जवाहर तापीय परियोजना पावर प्लांट में आए दिन मजदूरों की समस्याएं उजागर हो रही हैं। पूर्व में भी कई बार मजदूर अपनी मजदूरी पाने के लिए आलाधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं।

## एटा शहर के मोहल्ला संजय नगर निवासी एक डेयरी संचालक की रविवार सुबह खंभे के अर्थिंग तार में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

एटा। शहर के मोहल्ला संजय नगर निवासी एक डेयरी संचालक की रविवार सुबह खंभे के अर्थिंग तार में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के पिता डेढ़ वर्ष पूर्व करंट लगने से बुरी तरह झुलसे थे।मोहल्ला संजय नगर निवासी राजेश यादव ने बताया कि भाई दिनेश (38) दूध का व्यापार करते थे। मोहल्ले में ही डेयरी बना रखी थी। हमारे घर के बाहर ही बिजली का खंभा लगा हुआ है। प्रतिदिन की तरह रविवार को सुबह भी वह झाडू लगा रहे थे। तभी अर्थिंग वाले तार में अचानक से करंट दौड़ गया।इसकी चपेट में आने से दिनेश झुलस कर अचेत हो गए। यह देखकर घर में चीख–पुकार मच गई। हम लोग उनको लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।राजेश यादव ने बताया कि



दिनेश यादव का फाइल फोटो

दिनेश का 14 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था, इनका 11 वर्ष का एक बेटा और 8 वर्ष की बेटी है। डेढ़ वर्ष पूर्व दिनेश के पिता शिव सत्यप्रकाश भी विद्युत खंभे के करंट की चपेट में आने से झुलस गए थे। इसके बारे में कई बार विद्युत विभाग में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा हमारी एक भैंस भी इसी तार की चपेट में आने से मर गई

## 6 जनवरी से 15 जनवरी तक सहयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर–17 का आयोजन किया जा रहा है

चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेवरा सैफई में 6 जनवरी से 15 जनवरी तक सहयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर–17 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर इटावा एनसीसी वाहिनी के तत्वावधान में हो रहा है। शिविर की अध्यक्षता कर्नल सुधांशु द्विवेदी कर रहे हैं।कैंप कमांडेंट कर्नल सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में इटावा और औरैया जिलों के कुल 656 कैडेट्स हिस्सा लेंगे। इनमें 201 गर्ल्स कैडेट्स और 455 बॉयज कैडेट्स शामिल हैं। शिविर में कैडेट्स को सैन्य अनुशासन, युद्ध कला, हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, प्रशासनिक अनुशासन और निशानेबाजी जैसे विषयों में कुशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षकों की देखरेख में होगा प्रशिक्षणसूबेदार मेजर बाबू सिंह तंबर के नेतृत्व में स्थाई प्रशिक्षकों और एनसीसी ऑफिसर्स की टीम प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट सुनील सेंगर, मेजर अवधेश कुमार, सूबेदार मेक बहादुर थापा, विश्व कुमार, सीएचएम विजयन्त सिंह चौहान, और सीएचएम जितेंद्र पाल सिंह जैसे अनुभवी अधिकारी शामिल होंगे।भोजन व्यवस्था भी रहेगीकैंप में क्वार्टर मास्टर सूबेदार देवेंद्र सिंह की देखरेख में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई जाएगी। शिविर का उद्घाटन समारोह 7 जनवरी को कैंप कमांडेंट कर्नल सुधांशु द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।शिविर के दौरान कैडेट्स को न केवल सैन्य अनुशासन सिखाया जाएगा, बल्कि उन्हें प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और समाज में एनसीसी के योगदान के महत्व को भी बताया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व कौशल और जिम्मेदारी का विकास करना है।

### इटावा चंडीगढ़ से बिहार तस्करी कर ले जाई जारी 10 लाख कीमत की शराब समेत तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

इटावा चंडीगढ़ से बिहार तस्करी कर ले जाई जारी 10 लाख कीमत की शराब समेत तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया इटावा चंडीगढ़ से बिहार तस्करी कर ले जाई जारी 10 लाख कीमत की शराब समेत तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीन तस्कर इस मामले में फरार हैं। पुलिस जल गिरफ्तारी करने की बात कह रही है।जसवंत नगर थाना क्षेत्र के फुलरई गांव के गेट के पास एक डीसीएम खड़ी होने की सूचना मिली थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब डीसीएम की जांच की तो उसमें 55 खाली क्रेट के नीचे 10 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। इसी के साथ तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। जब उनसे शराब के बारे में जानकारी की गई तो वह न ही शराब से संबंधित कोई भी कागजात दिखा पाए और ना ही उसकी किसी तरीके की कोई जानकारी दे पाए।थे। वही जब डीसीएम की जांच की गई तो इंजन नंबर व चेचिस नंबर भी गलत पाया गया, इस संबंध में अधिकारियों द्वारा दस्तावेज की जांच की गई तो वह भी नकली पाए गए।एसएसपी संजय वर्मा ने बताया– पूछताछ के बाद ट्रक ड्राइवर जाहिद अली ने बताया कि वह इससे पहले भी कई बार शराब को बिहार तक लेकर गया है और वह बिहार से भी जेल जा चुका है पकड़े गए ट्रक ड्राइवर जाहिद अली पुत्र युसूफ अली निवासी उदयपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला है अभियुक्त भी गिरफ्तार किए गए हैं जो कि डीसीएमए साथ बैठे हुए थे।अवनीश प्रताप पुत्र वीरपाल सिंह निवासी बाघ वाला थाना बाग वाला जनपद एटा का रहने वाला है वही जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र अजय पाल सिंह निवासी गांव नगला पोता थाना कोतवाली जनपद एटा का रहने वाला है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि यह कई बार अवैध शराब लेकर जाते थे।जब इसकी जानकारी पुलिस को मिली तो घेराबंदी कर डीसीएम को पकड़ लिया गया और उसमे बैठे तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है वही तीनों को गंभीर धाराओं में मुकदमा लिख जेल भेज दिया गया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि इनके पास से 54 पेटी अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित की मां 10 लाख रुपए और डीसीएम की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए बताई गई है अभी डीसीएम की भी जांच की जा रही है।

# हाथरस में आज गुरु गोविंद सिंह जी का अवतार दिवस मनाया गया

हाथरस में आज गुरु गोविंद सिंह जी का अवतार दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य कार्यक्रम अलीगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक देव जी में हुआ। वहां पर शबद कीर्तन हुआ और फिर बाद में लंगर भी बरता गया। इस मौके पर लोगों का तांता वहां लगा रहा।कार्यक्रम में गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि आज पूरे संसार में गुरु पर्व मनाया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा के गुरु गोविंद सिंह जी की उम्र जब 9 साल की थी तब हिंदुस्तान में मुगल बहुत अत्याचार कर रहे थे।वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी ने बड़े होकर धर्म की रक्षा की खातिर अपना सारा परिवार शहीद करवा दिया। गुरु जी ने हिंदू धर्म की रक्षा की खातिर मुगलों से युद्ध किया और विजय प्राप्त की। इस मौके पर नानक सिंह जी ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ज्ञानी हरपाल सिंह जी ने अरदास की। इस मौके पर अटूट लंगर भी बरता गया।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद  कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, तजवंत कालरा,



राजेंद्र सिंह, राम बहादुर सिंह, हरबंस सिंह, रविंद्र सिंह, पन्ना सिंह, राजेश सिंह, सुरजीत सिंह, हरबंस अतरेजा, टीकम सिंह, विजय गुलाटी, सचिन ग्रोवर जितेंद्र लूथरा आदि मौजूद रहे

## इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाकर फांसी के फंदे से झूल गया युवक, घर में मचा कोहराम


हाथरस जिले में आत्महत्या से पहले उसने इंस्टाग्राम स्टेटस पर अपनी फोटो के साथ लिखा कि श्सॉरी मां, इसमें किसी का दोष नहीं है, मैं खुद ही कर रहा हूं.शफिर वह फांसी के फंदे से झूल गया. जैसे ही इसकी सूचना घरवालों को मिली कोहराम मच गयायूपी के हाथरस जिले में एक युवक ने मौत को गले लगा लिया. आत्महत्या से पहले उसने इंस्टाग्राम स्टेटस पर अपनी फोटो के साथ लिखा कि श्सॉरी मां, इसमें किसी का दोष नहीं है, मैं खुद ही कर रहा हूं.श फिर वह फांसी के फंदे से झूल गया. जैसे ही इसकी सूचना घरवालों को मिली कोहराम मच गया. फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जांच–पड़ताल की जा रही है. परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया है.दरअसल, बीते दिन कोतवाली सदर क्षेत्र के मथुरा रोड स्थित काका हाथरसी स्मारक के निकट 22 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक मनीष ट्रैक्टर





चालक था और मूलरूप से आगरा जिले के कागारौल थाना क्षेत्र का रहने वाला था. युवक पिछले दो साल से हाथरस में रहकर एक ईंट–भट्टे परें ट्रैक्टर से ईटों की ढुलाई का काम कर रहा था.घर के कमरे में युवक को फंदे पर लटका देख परिवार के होश उड़ गए. मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. घटना की सूचना मिलने पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया. पुलिस अब पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है. मृतक युवक के परिजन भी घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच गए. भाई ने कहा कि हमें किसी पर शक नहीं है. सबकुछ ठीक चल रहा था, पता नहीं उसने ये कदम क्यों उठा लिया. अब पुलिस जांच कर रही है, वही बताएगी कि क्या हुआ था. उधर, मृतक के घरवालों का रो–रो कर बुरा हाल है

## आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चि. रंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस के परिसर मे वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष का रिबन काट कर उद्घाटन किया



आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस के परिसर मे वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष का रिबन काट कर उद्घाटन किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हा. थरस श्री अशोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार सिह, पी.आर.ओ पुलिस अधीक्षक हाथरस आदि अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे । इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा नव. निर्मित वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष का निरीक्षण किया गया । उनके द्वारा बताया गया कि वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष मे गवाहों का मा० न्यायालय में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाहीध्पेशी होगी,जिसकी वजह से समय व सरकारी खर्च की बचत होगी । तथा उनके द्वारा बताया गया है कि बहुत बार शांति व्यवस्था ड्युटी मे लगे होने की वजह से पुलिसकर्मियों की गवाही नही हो पाती है, जिसकी वजह से मा0 न्यायालय मे केस पेंडिग रहता है । इस वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग कक्ष के माध्यम से समय से उनकी गवाहीध्पेशी ऑनलाइन माध्यम से होगी, जिससे अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किया जा सकेगा ।'

## पत्रकार विकास परिषद, हाथरस की मासिक बैठक सम्पन्न

जनपद हाथरस 5 जनवरी आरिफ खान में आज दिनांक –को संगइन की बेहद महत्वपूर्ण् बैठक जय भोले रेस्टोरेंट अलीगढ रोड हाथरस में आयोजित की गई । जिसमें गत वर्ष का अभिलेख, सदस्यों एवं पदाधिकारियों का विवरण उपस्थित जन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक का आरम्भ करते हुए जिला उपाध्यक्ष अतीक अहमद द्वारा संगठन के सिद्धन्त एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए संगठन के विस्तार पर जोर दिया। संगठन की चर्चा को आगे बढाते हुए मण्डल प्रभारी ललित मोहन राना द्वारा संगठन के जुडने वाले सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि संगठन के किसी भी साथी के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होने पर संगठन सदैव उसके साथ रहेगा तथा आवश्यकता पडने पर अधिकारियों एवं सम्बंधित विभाग से सम्पर्क करके साथ पत्रकार की समस्या का हरसम्भव निदान कराया जायेगा। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मदन मोहन राना ने कहा कि किसी भी पत्रकार साथी का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और संगठन के माध्यम से हर सदस्य का मनोबल बढाने का कार्य संगठन करेगा। इस अवसर पर वहॉ मौजूद सभी साथियों ने तालियों से नव नियुक्त जिलाध्यक्ष की बात की पुरजोर समर्थन किया। इस बैठक में जिला महासचिव विनय



जैसवाल, अश्वनि चन्द्राकर, कन्हैया लाल, उमाकान्त मनोज पत्रकार।पुण्डीर,शुभम गुप्ता, आरिफ खान, नवी हसन, आनन्द सिसौदिया, रहीश मलिक तथा महिला विंग से निधि कुमारी एवं राखी चौहान के अलावा सैकडों की संख्या में पत्रकार विकास परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत हाथरस के हसायन ब्लॉक में स्थित मिनी स्टेडियम भरतपुर में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ

उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत हाथरस के हसायन ब्लॉक में स्थित मिनी स्टेडियम भरतपुर में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रामकुमार शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियो. गिताओं में उम्दा प्रदर्शनइस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में अजय ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सब जूनियर बा. लिका वर्ग में हर्षिता ने 100 मीटर दौड़ में बाजी मारी। कबड्डी में सीनियर वर्ग में हसायन की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं वॉलीबॉल में हैदरपुर की टीम ने बाजी मारी। महिला कबड्डी जूनियर वर्ग में हसायन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त



किया, जबकि सीनियर वर्ग में भरतपुर की टीम ने पहला स्थान जीता। विजेताओं को मिला उत्साहवर्धन कार्यक्रम के समापन के दौरान क्षेत्रीय और कल्याण अधिकारी गौरव कुमार ने विज. `ता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को जनपद स्तर पर होने वाली आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जो 9 और 10 जनवरी 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम हाथरस में आयोजित होगी।

## हाथरस में इगलास रोड पर गांव भोजपुर के निकट स्पीड ब्रेकर से नीचे गिरकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।

हाथरस में इगलास रोड पर गांव भोजपुर के निकट स्पीड ब्रेकर से नीचे गिरकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। कुछ लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भी लेकर आए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। हाथरस में इगलास कोतवाली क्षेत्र के गांव असरोई निवासी 18 वर्षीय इरशाद पुत्र राजुद्दीन कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के गांव हतीसा के पास पंचर जोड़ने का काम करता था। आज वह अपने घर से हतीसा के लिए आ रहा था तो बताते हैं कि रास्ते में गांव भो. जपुर के निकट स्पीड ब्रेकर पर बाइक के असंतुलित होने से वह नीचे सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शवकुछ लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो उसे आनन–फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। इन लोगों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का कहना था कि इरशाद की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।


**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499



**जननायक सम्राट हिंदी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा


## ट्रक ने बाइक को रौंदा, युवक की मौत, परिवार में छाया मातम

एक अज्ञात ट्रक ने हाथरस रोड स्थित गांव बढ़ार के निकट एक बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।सादाबाद में हाथरस रोड पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया।सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। 6 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे एक अज्ञात ट्रक ने हाथरस रोड स्थित गांव बढ़ार के निकट एक बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अशरफ पुत्र नसीर खान निवासी कलवारी तिहरा हाथरस के रूप में हुई है।